हिंदी दैनिक

निष्पक्ष समाचार ज्योति

वर्ष : 05 | अंक : 333 | वि . सं. 2077 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 2 | मंगलवार, 15 अक्टूबर 2019 | गुवाहाटी | मूल्य : 8 रुपए | पृष्ठ 12

Simultaneously published from + Guwahati (Assam) + Dehradun (Uttarakhand) + Lucknow + Varanasi (Uttar Pradesh) + Bhopal (Madhya Pradesh) + Delhi

amacharjyoti.com

पृ. 3 प्रदेश महिला कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

पृ. 12 कृति ने वरुण से कहा

RNI No : ASS

अमृत सीमेंट ने वृद्धाश्रम की महिलाओं को कराया भ्रमण

कई पूजा पंडालों में देवी मां के कराए दर्शन

▼ एनएसजे रिपोर्टर

गुवाहाटी। वृद्धाश्रम में रह रही माताओं को *अमृत सीमेंट* की ओर से भ्रमण कराया गया। इस दौरान कई पूजा पंडालों में वृद्धाश्रम में रह रही माताओं को ले जाकर देवी मां के दर्शन कराए गए। *वृद्धाश्रमर मार होइते मार दर्शन* नामक इस अभिनव पहल के तहत वृद्धाश्रम में रह रही 30 माताओं का फुलाम गमछा से अभिनंदन किया गया और उन्हें बेलतला के लखी मंदिर पंडाल में ले जाया गया। जहां माताओं ने नाम कीर्तन व ओजा पली नाम किया। इस दौरान सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई एवं गुब्बारे लेकर सभी ने आनंद के कुछ पल बिताए। इस मौके पर *अमृत सीमेंट* के प्रबंध निदेशक प्रदीप बागला ने कहा कि पूजा जैसे उत्सव के दौरान सभी लोग अपने दोस्तों व परिवार के साथ घूमने निकलते हैं। ऐसे में *वृद्धाश्रमर मार होइते मार दर्शन* की पहल सराहनीय है एवं अन्य के लिए प्रेरणादायक है। ताकि देवी मां के दर्शन के समय कोई भी अपनी मां के त्याग को न भूले। इसी के तहत *अमृत सीमेंट* की ओर से युवाओं को अपनी माताओं के साथ पूजा पंडालों की सेल्फी भेजने का कांटेस्ट भी आयोजित किया गया, जिसमें राज्यभर से बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।